प्रादेशिक समाचार

दिनांक–28.07.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे ने वर्ष 2027 तक गोड्डा से महगामा रेल लाइन बनने का किया एलान, कहा – महगामा से नौगाछिया तक पुल निर्माण और कोचिंग यार्ड की भी योजना।।
- मंत्री दीपक बिरुवा ने राशन डीलरों को लंबित कमीशन भुगतान का दिया आश्वासन, कहा – मामला सरकार के समक्ष रखकर जल्द किया जाएगा समाधान।
- श्रावणी मेले की तीसरी सोमवारी पर देवघर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, उपायुक्त ने बाबा मंदिर सहित रूटलाइन स्थलों का किया निरीक्षण, दिए सुरक्षा के निर्देश।
- नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पश्चिमी सिंहभूम पुलिस को मिली सफलता, जमीनी सुरंग से 34 लाख 99 हजार रुपये किए बरामद।
- मौसम विभाग ने आज सिमडेगा, गुमला, पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम में जारी किया येलो अलर्ट, रांची समेत कई जिलों में तेज हवा और बादल छाए रहने की जताई संभावना।

*******************

गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे ने पोड़ैयाहाट के शिलान्यास कार्यक्रम में कहा कि 2027 तक गोड्डा से महगामा तक रेल लाइन तैयार हो जाएगी। इसके बाद महगामा से पीरपैंती और फिर नौगाछिया तक पुल का निर्माण कार्य भी पूरा किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि गोड्डा में जल्द ही कोचिंग यार्ड बनेगा, जिससे लंबी दूरी की ट्रेनों का रख–रखाव संभव हो सकेगा।

*******************

राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री दीपक बिरुवा ने जन वितरण प्रणाली के राशन डीलरों की लंबित बकाया राशि के भुगतान का आश्वासन दिया है। कल चाईबासा में डीलर्स एसोसिएशन के एक प्रतिनिधिमंडल ने उनसे मुलाकात कर कोरोना काल से लंबित कमीशन की राशि को लेकर अपनी मांग रखी। मंत्री ने कहा कि इस मुद्दे को सरकार के समक्ष उठाकर जल्द समाधान किया जाएगा।

*******************

ऑपरेशन सिंदूर पर आज लोकसभा में चर्चा शुरू होने की उम्मीद है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने पहले बताया था कि पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत की प्रतिक्रिया पर मौजूदा संसद सत्र के दौरान विशेष चर्चा होगी। श्री रिजिजू ने बताया कि लोकसभा में इस पर चर्चा के लिए 16 घंटे का समय निर्धारित किया गया है।

*******************

राजकीय श्रावणी मेला की तीसरी सोमवारी को लेकर देवघर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। अनुमान है कि आज करीब चार लाख कांवरिया जलाभिषेक करेंगे। उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने बीएड कॉलेज, नेहरू पार्क, शिवराम झा चौक समेत बाबा मंदिर परिसर का निरीक्षण कर अधिकारियों को रूटलाइन का सख्ती से पालन कराने के निर्देश दिए।

*******************

पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा कल खरसावां के दलाईकेला गांव पहुंचे और वहां चेक डैम में डूबे चार युवकों के परिजनों से मुलाकात की। मौके पर उन्होंने कहा कि यह हादसा केवल परिवार ही नहीं, पूरे समाज और देश के लिए भी पीड़ादायक है। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि प्रत्येक मृतक के आश्रितों को चार–चार लाख रुपये मुआवजा दिया जाएगा।

*******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

*******************

नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे राज्यव्यापी अभियान के तहत पश्चिमी सिंहभूम पुलिस को एक और सफलता मिली है। गुप्त सूचना के आधार पर जिले में गोल कर थाना क्षेत्र में पुलिस ने जमीन में दबाकर रखे गए 34 लाख 99 हजार रुपये बरामद किए गए। पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने बताया कि ये राशि माओवादियों द्वारा सुरंग बिछाने, हथियार और विस्फोटक खरीदने के लिए छिपाकर रखी गई थी।

*******************

रांची के नामकुम थाना क्षेत्र के अंतर्गत संचरण केंद्र मंडार में हुई डकैती की घटना का पुलिस ने सफलतापूर्वक उद्भेदन करते हुए 10 से अधिक अपराधियों को गिरफ्तार किया। अपराधियों ने बिजली सब स्टेशन के कर्मचारियों और सुरक्षा गार्डों को बंधक बनाकर घटना को अंजाम दिया था।

इधर ओरमांझी थाना क्षेत्र में पुलिस ने पावर ग्रिड में डकैती की साजिश रच रहे तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया। उनके पास से देसी कट्टा, जिंदा गोली, एक गाड़ी, मोबाइल, तार काटने के उपकरण सहित अन्य सामान बरामद किया गया।

*******************

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा पोषण मिशन दलहन के तहत गढ़वा जिले में अरहर की उत्पादकता को बढ़ाने के लिये कई पहल किए गए हैं।

*******************

मौसम विभाग ने आज पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा, गुमला जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। इन क्षेत्रों में अधिकतम 30 से 40 किलो मीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज़ हवा चलने की आशंका जताई गई है। साथ ही राजधानी रांची सहित अन्य हिस्सों में दिनभर बादल छाए रहने के आसार हैं।

*******************

अखबारों की सुर्खियां–

राज्य से प्रकाशित अधिकतर अखबारों ने हरिद्वार के मनसा देवी मंदिर में हुए भगदड़ की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर की हेडलाइन है – एमएसएमई लगाईए तीन साल तक न लाइसेंस की जरूरत ना कोई टैक्स।

प्रभात खबर ने लिखा है झारखंड में दो हजार छह सौ छियासी के बदले सिर्फ 66 जेइ संभाल रहे बिजली वितरण का नेटवर्क।

दैनिक जागरण के शब्द हैं कैट ने जारी किया प्रवेश कार्यक्रम, 30 को परीक्षा।

हिंदुस्तान की सुर्खी हैं – रांची के जेवर व्यवसायी और बेटी को अगवा कर 10 लाख की लूट।

********************